# राम नाम का डंका

( ॐ नमः परम हंसा स्वादित कमल चरणचीन मकरन्दये
भक्त जन मानस निवासाये श्री राम चन्द्रायै। )

जय श्री राम बोलो जय जय श्री राम
जय श्री राम बोलो जय जय श्री राम...........

राम नाम का बजाके डंका भगवा हम लहरायेंगे,
ये है अयोध्या राम लाला की मंदिर भव्य बनाएंगे,
राम लाला के स्वागत में हम मिल कर धूम मचाएंगे,
ये है अयोध्या राम लाला की मंदिर भव्य बनाएंगे॥

पावन धाम अयोध्या नगरी राम सिया संग भवन विराजे,
कल कल करती सरयू मैया सुन्दर नगरी द्वार पे साजे,
राम लखन संग हनुमान की मिल की गाथा गाएंगे,
ये है अयोध्या राम लाला की मंदिर भव्य बनाएंगे॥

जब जब पाप बढ़ा धरती पे राम प्रभु ने तारा है,
जनम लिए प्रभु नगरी अयोध्या ये सौभाग्य हमारा है
जय श्री राम का लगा के नारा जय जय कार लगाएंगे,
ये है अयोध्या राम लाला की मंदिर भव्य बनाएंगे.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24770/title/ram-naam-ka-danka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |